पूर्वोत्तर रेलवे

कार्यालय
महाप्रबन्धक(कार्मिक)
गोरखपुर।

संख्या का/254/19/मुख्य विधि सहायक/VIII

दिनांक 11.11.2020

सभी प्रमुख्य विभागाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष
सभी कार्मिक अधिकारी
सभी मण्डलेत्तर इकाई
सभी मुख्य कारखाना प्रबन्धक
पूर्वोत्तर रेलवे।

विषयः– मुख्य विधि सहायक (लेवल–7) में 60% विभागीय पदोन्नति कोटा के अंतर्गत चयन ।

मुख्य विधि सहायक लेवल–7 में 60 प्रतिषत विभागीय पदोन्नति कोटा के अंतर्गत कुल 05 रिक्तियों (सामान्य–02, अजा–01, अजजा–02) को भरने हेतु चयन कराने का निर्णय लिया गया है। इस चयन हेतु निम्नलिखित अर्हताये/षर्ते पूरी करने वाले कर्मचारी दिनॉक 09.12.2020 तक आवेदन कर सकते है:-

1. पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न विभागो के ऐसे कार्यरत कर्मचारी जो लेवल–7 से कम वाले वेतनमान में कार्यरत हो तथा 05 वर्षो की ग्रुप 'सी' (लेवल–01 एवं उससे ऊपर के लेवल में) नियमित रेल सेवा पूरी कर लिये हो ।
2. अधिसूचना जारी होने की तिथि को विधि स्नातक की योग्यता रखते हो ।
3. आरपीएफ/ आरपीएसएफ के वे कर्मचारी जो आरपीएफ नियम 1957/1987 से शासित होते है, उक्त चयन में सम्मिलित होने के पात्र नही है । लेखा विभाग के कोषागार कार्यालय के कर्मचारी उक्त चयन हेतु पात्र है।
4. चयनित कर्मचारी की प्रथम तैनाती मंडलो में भी की जा सकती है।
5. चयन हेतु लिखित एवं मौखिक परीक्षा होगी। उक्त चयन हेतु अनुपस्थिति लिखित परीक्षा नही होगी।
6. आरबीई सं0 196/2018 के अनुसार चयन में बहुविकल्पी प्रष्न पुछे जायेगे, जिसमें प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, 1/3 अंको की कटौती की जायेगी। उत्तर पुस्तिका हेतु एक ही प्रकार के काले अथवा नीले स्याही वाले पेन का प्रयोग किया जायेगा। उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार का पहचान चिन्ह (हाई लाइटर इत्यादि) नही लगाया जाय।
7. लिखित परीक्षा हेतु पाठयक्रम की सूची संलग्न है।
8. आवेदन करने वाले कर्मचारी इस अधिसूचना को लिखित परीक्षा की तैयारी की सूचना भी समझे लिखित परीक्षा कभी भी अल्प समय की सूचना पर करायी जा सकती है।

कर्मचारी द्वारा अपने नियंत्रक अधिकारियो को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09.12.2020 है। सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी निर्धारित प्रोफार्मा पर प्राप्त आवेदन पत्रो को अपने कार्मिक विभाग/ अनुभाग/ सेवा/अभिलेख रखने वाले कार्यालय को आवेदनो की जॉच कर अग्रसारित करने हेतु दिनॉक 16.12.2020 तक अवष्य प्राप्त करा देवे।

सम्बन्धित कार्मिक विभाग/अनुभाग/सेवा अभिलेख रखने वाले कार्यालय प्राप्त आवेदन पत्रों का आवेदक कर्मचारियों के सेवा अभिलेखो से जॉच कर केवल पात्रता की शर्तो को पूरा करने वाले कर्मचारियों के आवेदन पत्रों को विशेष पत्र वाहक द्वारा इस कार्यालय में दिनाक 23.12.2020 तक भेजना सुनिष्चित करे, इस अधिसूचना का कर्मचारियो के मध्य व्यापक प्रचार/प्रसार किया जाय एवं इसकी एक प्रति अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर अवष्य चस्पा कर दी जाय।

संलग्न यथोपरि।

(प्रदीप कुमार)
वकाधि/मुख्यालय

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– महामंत्री/नरमू पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर।
2– महामंत्री/एससीएसटी/एसोसिएषन एवं अन्य पिछडा वर्ग/एसोसिएषन पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर।
3– सभी मुख्य कार्याधी, प्रमुकाधि कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर।
4– अन्य प्रति।
5– सूचनापट्ट।

11.11.20
कृते महाप्रबन्धक/कार्मिक

मुख्य विधि सहायक लेवल-07 में 60% प्रतिशत विभागीय पदोनोत्ति कोटा के अंतर्गत चयन हेतु पाठ्यक्रमः-

1. विवाचन अधिनियम
2. दिवानी प्रक्रिया संहिता
3. भारतीय संविधान- मौलिक अधिकार के विशेष सन्दर्भ के साथ सम्बन्धी उपचार एव प्राविधान
4. भारतीय संविदा अधिनियम
5. साक्ष्य विधि
6. मजदूरी भुगतान अधिनियम
7. कर्मकर प्रतिकर अधिनियम
8. भारतीय रेलवे अधिनियम
9. उपकृत्य विधि
10. माल विक्रय अधिनियम
11. परिसीमन अधिनियम

Saroj-L

कार्यालय महाप्रबंधक (कार्मिक)
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर ।

(द्वारा उचित माध्यम)

विषय :- मुख्य विधि सहायक लेवल-07 में 60% विभागीय पदोन्नति कोटा के अंतर्गत चयन हेतु आवेदन पत्र।

सन्दर्भ:- महाप्रबंधक/ कार्मिक, गोरखपुर का अधिसूचना संख्या का /254/19/ मुख्य विधि सहायक /VIII दिनाक 06-11-2020।

महोदय ,

प्रार्थी विषयांकित पद के चयन में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र निम्नवत प्रस्तुत करता हूँ :-

1. नाम ....
2. पदनाम ....
3. नियुक्ति तिथि .... नियुक्ति का पद ....
4. वर्तमान पद ....
5. वर्तमान पद पर पदोन्नति की तिथि ....
6. जन्मतिथि ....
7. स्थाई/अस्थाई ....
8. समुदाय यदि कर्मचारी अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के है (यदि हा तो प्रमाण पत्र सलंग करे)
9. स्थापना हैसियत .... पदनाम ....लेवल...........ग्रेड पे ....
10. शैक्षणिक योग्यता... (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे)
11. अन्य विवरण यदि कोई हो ....
12. सभी प्रमाण पत्रों को स्वत: सत्यापित छायाप्रति अवश्य सलग्न करे।
13. फ़ोन नं०/मोवाइल नंवर ....
14. भविष्य निधि सं0 ....

स्थान ....

दिनांक ....

भवदीय

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त विवरण कर्मचारी के सेवा अभिलेखो से जाँच कर लिए गये है, जो सही है।

स्थान ....

दिनांक ....

नियंत्रक अधिकारी /कार्मिक अधिकारी
का पदनाम मुहर सहित

Saroj-L